महत्वपूर्ण एवं खास

हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैनेजमेन्ट प्रशिक्षण के लिए पात्र अभ्यर्थियों से 9 तक मंगाए गए आवेदन

रायगढ़। हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैनेजमेन्ट प्रशिक्षण योजना के तहत इस क्षेत्र में कैरियर बनाने के इच्छुक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदक 9 अगस्त 2023 सायं 5 बजे तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जिला-रायगढ़ में आवेदन भेज सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते है।

अज्ञात कार की टक्कर से दो भैसों की हुई मौत

रायपुर (आरएनएस)। नवा रायपुर स्थित चीचा चौक के पास अज्ञात कार की टक्कर से दो भैसों की मौत हो गई। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेश यदू 45 वर्ष रिको मंदिरहसौद का रहने वाला है। बताया जाता है कि चीचा चौक के पास कल दोपहर अज्ञात कार चालक ने प्रार्थी के दो भैसों को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों भैसों की मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ धारा 429 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

एक नाबालिग सहित दो चाकूबाज पकड़ाया

भिलाई (आरएनएस)। भिलाई सुपेला के लक्ष्मी मार्केट क्षेत्र में दो युवकों ने एक व्यक्ति को चाकू मारकर घायल कर दिया। और फरार हो गये। हालांकि बाद में पुलिस ने आरापियों को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मी नगर निवासी राकेश राजपूत उर्फ दुआं बुधवार रात लगभग 10 बजे सुपेला स्थित दुकान से अपने घर आ रहा था। उसी दौरान संजय नगर सुपेला का रहने वाला दिलीप चौहान उर्फ टकला अपने साथी के साथ आया और राकेश का रास्ता रोकते हुए पूर्व में हुए विवाद पर थाने मे किये गये रिपोर्ट को वापस लेने की बात कही तथा धमकी देने लगा। राकेश द्वारा मना करने पर दोनों युवकों ने धारदार हथियार चाकू राकेश के सीने में घोप दिया। और राकेश की सोने की चैन लूटकर वहां से फरार हो गये। चाकू के हमले से राकेश मौके पर गिर गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस लक्ष्मी मार्केट सुपेला पहुंची तथा घायल राकेश को अस्पातल भिजवा साथ ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस को आरोपियों की जानकारी मिलते ही घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में से एक नाबालिग है। वहीं मुख्य आरोपी दिलीप चैहान उर्फ टकला को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। मामलें में आरोपियों के खिलाफ धारा, 341,294,506,394,307,34,195क भादवि 25,27 आम्र्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

घर पर बेच रहा था शराब, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। शहर की खमतराई थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 30 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त किया है तथा उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति प्रगति चौक रावांभाठा खमतराई में अपने घर पर अवैध रूप से शराब बेच रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी खमतराई के नेतृत्व में थाना खमतराई पुलिस की टीम द्वारा आरोपी घनश्याम वर्मा पिता स्वर्गीय मनराखन वर्मा के घर में दबिश देकर उसके पास रखे सफेद रंग के बोरी की तलाशी लेने पर बोरी में 30 पौव्वा अंग्रेजी शराब जम्मू रखा होना पाया गया। शराब रखने के संबंध में आरोपी से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास कर रहा था। जिस पर आरोपी घनश्याम वर्मा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 30 पौवा अंग्रेजी शराब जप्त कर उसके विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 34(2) आबकारी एक्ट आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

खाद, बीज और कीटनाशक की क्वालिटी कंट्रोल को लेकर शासन-प्रशासन सख्त : दुकानों की औचक जांच का अभियान जारी

- गड़बड़ी के मामले में 6 दुकानें सील, 14 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित
- 74 विक्रेताओं को नोटिस

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में किसानों को मानक स्तर के रासायनिक उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर शासन-प्रशासन ने सख्त रूख अख्तियार कर लिया है। पूरे राज्य में खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेता प्रतिष्ठानों की जांच पड़ताल का अभियान तेजी से जारी है। जिलों में कृषि विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम अपने-अपने इलाके में खाद-बीज विक्रेता प्रतिष्ठानों एवं कृषि सेवा केन्द्रों में औचक रूप से दबिश देकर वहां बेची जा रही खाद एवं बीज के सैम्पल लेने के साथ ही स्टाक पंजी, बिल बुक सहित अन्य दस्तावेज की जांच पड़ताल कर रही है। बीते दो दिनों में राज्य में खाद-बीज और कीटनाशक औषधि विक्रेता प्रतिष्ठानों की औचक जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर तीन प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया है। 14 के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं और 74 विक्रेताओं को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। इस मामले में सबसे ज्यादा कार्रवाई गरियाबंद जिले में हुई है। गरियाबंद जिले में 62 कृषि सेवा केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस, तीन प्रतिष्ठानों में खाद-बीज विक्रय को प्रतिबंधित किए जाने के साथ ही 13 दुकानदारों के लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।

इसी तरह सक्ती जिले में अमानक खाद का मामला पकड़ में आने पर कृषि सेवा केन्द्र सक्ती, किसान बीज भण्डार सक्ती तथा ज्ञानीराम चंदगीराम सक्ती को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बिलासपुर जिले के कोटा में मेसर्स रमेश कृषि सेवा केन्द्र में जांच पड़ताल के दौरान बिना लाइसेंस कीटनाशक की बिक्री एवं अन्य गंभीर अनियमितता का मामला पकड़ में आने पर इस प्रतिष्ठान को सील कर दिया गया है। रायपुर जिले के अभनपुर विकासखण्ड के ग्राम पचेड़ा में यदु ट्रेडर्स तथा ग्राम हसदा में चन्द्राकर कृषि केन्द्र में गड़बड़ी का मामला पकड़ में आने पर वहां भंडारित उर्वरक को जब्त करने के साथ ही दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया है।

बेमेतरा जिले के खण्डसरा स्थित बाबा कृषि केन्द्र में बिना लाइसेंस खाद एवं कीटनाशक बेचे जाने के मामले में इस प्रतिष्ठान को सील किया गया है। कसडोल में रूबी कृषि सेवा केन्द्र तथा सिमगा ब्लॉक के ग्राम कामता में योगेश कृषि सेवा केन्द्र में जांच पड़ताल के दौरान गड़बड़ी का मामला पकड़ में आने पर दोनों फर्मों के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। ठेलकाडीह में बनुठिया कृषि केन्द्र, किसान कृषि केन्द्र, लक्ष्य कृषि केन्द्र, भूमि कृषि केन्द्र तथा साहू कृषि केन्द्र को अनियमितता के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। रायपुर के आरंग ब्लॉक के चंदखुरी स्थित वर्मा कृषि केन्द्र के लाइसेंस को 15 दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। तिल्दा स्थित केशरवानी कृषि सेवा केन्द्र में बिना वैध लाइसेंस के खाद विक्रय की मामला पकड़ में आने पर इस दुकान को सील कर दिया गया है। धरसींवा ब्लॉक के सिलयारी स्थित वर्मा कृषि केन्द्र एवं छत्तीसगढ़ कृषि सेवा केन्द्र में अनियमितता पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट में बीज के 89, उर्वरक के 25 और पौध संरक्षण औषधि के 3 सेम्पल अमानक पाए गए हैं। अमानक पाए गए सेम्पल के लाट की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाए जाने के साथ ही संबंधित फर्मों के संचालकों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है। राज्य में खरीफ फसलों के बीज के अब तक 3958 सेम्पल लिए गए है, विश्लेषण में 3762 मानक सेम्पल मानक स्तर के और 89 अमानक स्तर के पाए गए हैं। बीजों के 107 सेम्पल की प्रयोगशाला जांच परिणाम अभी आने शेष है।

इसी तरह उर्वरकों के लिए गए 3006 सेम्पल को प्रयोगशाला में भेजकर जांच कराने पर 1267 सेम्पल मानक स्तर के तथा 25 अमानक स्तर के पाए गए हैं। उर्वरकों के 1566 सेम्पल की जांच रिपोर्ट अभी आना बाकी है, जबकि 139 सेम्पल कतिपय कारणों से निरस्त कर दिए गए हैं। पौध संरक्षण औषधि के संग्रहित 84 सेम्पल में से 30 सेम्पल मानक स्तर के, 3 अमानक स्तर के पाए गए हैं तथा 37 सेम्पल की जांच अभी प्रक्रियाधीन है। पौध संरक्षण औषधि के 14 सेम्पल निरस्त हुए हैं।

व्यापारी को चाकू दिखाकर 1.47 लाख लूटने वाले एक नाबालिक सहित पांच आरोपी गिरफ्तार, ग्राम तिवरता के पास व्यवसायी से किए थे लूट

कोरबा (आरएनएस)। ग्राम तिवरता के पास एक व्यवसायी से 1.47 लाख रूपये लूट कर भागने वाले आरोपितों को पुलिस ने अंतत गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए पांच आरोपित में एक नाबालिक भी शामिल है। सभी आरोपितों को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने लूट की शत प्रतिशत बरामद कर ली।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दीपका थाना क्षेत्र के रंजना, सिरकी, तिवरता के लघु व्यवसायियों से बकाया राशि वसूल कर 27 जुलाई को शाम 5.27 बजे अपनी एक्टीवा वाहन क्रमांक सीजी 12 एपी 5890 में व्यवसायी धीरज कुमार अग्रवाल वापस लौट रहा था। काले रंग के बैग में 1.47 लाख रूपये रखा था। ग्राम तिवरता रोड कोसाबाडी के पास एक सफेद नीले रंग की स्कूटी में सवार तीन लडक़े ने चाकू दिखा कर उसे रोकवाया। दो लडके हाथ में चाकू रखे थे और उन्होने धीरज को डराते हुये स्कूटी के सामने रखे वसूली की रकम एक लाख 47 हजार रूपये, हिसाब पर्ची, सैमसंग कंपनी का ए.50 मोबाइल फोन को लूट कर भाग गये।

पीडित की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 392, 34 कायम कर विवेचना में लिया और आरोपितों की पतासाजी शुरू की। पुलिस ने टीम गठित कर आरोपितों की खोजबीन कर रही थी, इस बीच मुखबिरों को सतर्क किया गया। पतासाजी के दौरन मुखबीर की सूचना पर थाना प्रभारी दीपका एवं टीम ने राजपाल चौहान 20 वर्ष निवासी जमनीमुडा, लोकेश उर्फ सोनू दास 31 वर्ष निवासी टुटेलामुडा, अनिल कुमार जागडे 24 वर्ष निवासी तिवरता व मनसुखा देवार 20 वर्ष निवासी थानखम्हरीया हाल मुकाम बैरियर के पास पाली को दबिश देकर पकड़ा। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपराध स्वीकार करते हुए अपने एक नाबालिग साथी के साथ घटना को अंजाम देने की जानकारी दी। साथ ही आरोपितों से पुलिस ने लूटे गए बैग व रकम शत प्रतिशत बरामद किया और लूट में प्रयुक्त चाकु, ब्लेड व एक्टीवा तथा बाइक जब्त किया।

आरोपितों की निशानदेही पर नाबालिक बालक को भी पकड़ा गया। सभी को पुलिस ने न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया। आरोपीगणों के धड़पकड़ में थाना प्रभारी दीपका तेज कुमार यादव, सउनि जितेश चन्द्र सिंह, परमेश्वर सिंह राठौर, धनजय सिंह नेटी, आर. रवि मानिकपुरी, जगजीवन कवर, अभिजीत पाण्डेय, शेख शहबान की भूमिका रही।

काल बन कर दौड़ी करंट : दादा-पोते की फार्म हाउस में मौत, मेन गेट छूते ही करंट के चपेट में आए, इलाके में मचा हड़कंप

महासमुंद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में बड़ा हादसा हुआ है. जहां करंट की चपेट में आने से दादा-पोते की मौत हो गई है. पूरा मामला कोमाखान थानाक्षेत्र के ग्राम खुर्सीपारी के एक फ़ार्म हाउस का है. घटना के बाद इलाके में हडक़ंप मच गया है।

बता दें कि, मृतक गिरधारी लाल पांडे रोज की तरह दोपहर में फ़ार्म हाउस का काम खत्म कर घर जाने के लिए जैसे ही मेन गेट खोला उसी समय करंट लगा और मौत हो गई. वहीं गिरधारी लाल का पोता डिगेश उधर से गुजर रहा था. उसने दादा को

मेन गेट पर गिरा देखा, जैसे ही मेन गेट को उसने छुआ उसे भी करंट लग गया। हालांकि, घटना के बाद परिजनों ने डिगेश को नुआपाडा ओडिशा ले गए. जहां उसकी मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, मेन गेट से सटे बिजली का सर्विस वायर गया था, जिसमें फाल्ट आने से मेन गेट में करंट आया था. पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

हाईटेंशन टावर में चढ़े प्रेमी-प्रेमिका

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (आरएनएस)। जिले के पेंड्रा थाना क्षेत्र के कोडगार गांव में एक शादीशुदा महिला अपने प्रेमी के लिए हाईटेंशन टावर पर चढ़ गई और खूब तमाशा किया। वही उसे मनाने और उतारने के लिए उसका साथी युवक भी टावर में चढ़ गया। टावर पर ही लगभग आधे घंटे की आपसी बातचीत के बाद युवती-युवक टावर से नीचे उतर गये।

मिली जानकारी अनुसार गौरेला के के नेवरी नवापारा की रहने वाली अनीता भैना शादीशुदा महिला है जिसकी शादी 6 साल पहले हुई थी। लेकिन वह अपने पति से शादी के कुछ साल बाद ही अलग हो गई तथा अकेले रह रही थी। पति से अलग होने के बाद कोडगार गांव के मुकेश नामक युवक के साथ उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह 2 दिन पहले पेंड्रा के कोडगार गांव में युवक मुकेश भैना के घर पहुंची थी। युवती 2 दिनो तक मुकेश के साथ ही रही थी। गुरुवार की दोपहर किसी बात को लेकर दोनों में मामूली विवाद हुआ, इसके बाद महिला दूर खेत में लगे हाईटेंशन तार के टावर में चढ़ गई। हाईटेंशन टावर पर महिला को चढ़ा देख ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

इसी बीच मुकेश भी टावर पर चढ़ गया और उसे नीचे उतारने की कोशिश में लगातार बात करता रहा, काफी देर बातचीत के बाद दोनों टावर से नीचे उतर आए। इधर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर पेंड्रा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दोनों को पूछताछ के लिए पेंड्रा थाना लेकर आई। और पुछताछ तथा समझाईश देने के बाद दोनों को परिजनों को सौंप दिया गया है।

फसल बीमा की अंतिम तिथि में हुई वृद्धि : किसान अब 16 तक कर सकेंगे आवेदन

रायगढ़। जिले में फसलों के होने वाले नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन संबंधी अधिसूचना छ.ग.शासन द्वारा जारी की गई है। पूर्व में जारी आदेशानुसार खरीफ वर्ष 2023 में फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई थी, जो अब बढ़कर 16 अगस्त हो गई है।

उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के लिए खरीफ मौसम में धान सिंचित व असिंचित, मक्का, सोयाबीन, मूँगफली, तुअर (अरहर), मूँग, उड़द, कोदो, कुटकी, रागी (मड़वा) फसल को अधिसूचित किया गया है। धान सिंचित के लिए 47000 रूपये व धान असिंचित के लिए 36000 रू, मक्का के लिए 32000 रू, सोयाबीन के लिए 29000 रूपये, मूँगफली के लिए 43200 रूपये, तुअर (अरहर) के लिए 31000 रूपये, मूँग के लिए 24000 रूपये, उड़द के लिए 22000 रूपये, कोदो के लिए 15000 रूपये, कुटकी के लिए 16000 रूपये, रागी (मडवा) के लिए 11000 रूपये प्रति हेक्टेयर बीमि त राशि है तथा कृषकों के लिए प्रीमियम राशि 2 प्रतिशत है। धान सिंचित के लिए 940 रूपये, धान असिंचित के लिए 720 रूपये, मक्का के लिए 640 रूपये, सोयाबीन के लिए 580 रूपये, मूँगफली के लिए 864 रूपये, तुअर (अरहर) के लिए 620 रूपये, मूँग के लिए 480 रूपये, उड़द के लिए 440 रूपये, कोदो के लिए 300 रूपये, कुटकी के लिए 320 रूपये, और रागी (मड़वा)के लिए 220 रूपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशि निर्धारित की गई है। धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन फसल के लिए ग्राम को ईकाई क्षेत्र एवं मूँगफली, तुअर (अरहर),मूँग, उड़द, कोदो, कुटकी, रागी (मडवा) फसल के लिए राजस्व निरीक्षक मंडल को ईकाई क्षेत्र माना गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ ऋणी, अऋणी, भूधारक कृषक, बटाईदार व वन पट्टाधारी कृषक ले सकते हैं। इस वर्ष जिला रायगढ़ में फसल बीमा के लिए कृषि बीमा कंपनी लिमिटेड को शासन द्वारा अनुबंध किया गया है। जिले के सभी कृषक फसल बीमा लाभ लेने एवं अधिक से अधिक संख्या में ऋणी कृषक अपने आवश्यक दस्तावेज जैसे नवीनतम आधार कार्ड की कापी, भूमि प्रमाण-पत्र (बी-2, पी-2)की कापी, बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कापी जिस पर एकाउंट नंबर, आईएफएससी कोड, बैंक का पता साफ दिख रहा हो, फसल बुआई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, किसान का वैध मोबाईल नंबर, बटाईदार, कास्तकार, साझेदार किसानों के लिए फसल साझा/कास्तकार का घोषणा पत्र के साथ 16 अगस्त 2023 के पूर्व अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, संबंधित बैंक, भारत सरकार की बीमा पोर्टल www.pmfby.gov.in एआईडीई ऐप तथा डॉक विभाग के माध्यम से फसल बीमा का लाभ उठा सकते है।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस: 10 अगस्त को खिलाई जाएगी कृमिनाशक गोली

रायगढ़। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मधुलिका सिंग ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 अगस्त 2023 को जिले के समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं शासकीय विद्यालयों, शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं, केन्द्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, मदरसों, निजी स्कुलों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा संस्थानों के माध्यम से 1 से 19 वर्ष के बच्चों, किशोर एवं किशोरियों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल 400 मि.ग्रा की गोली का सेवन कराया जाना है तथा मॉप-अप दिवस 17 अगस्त 2023 को किया जाना है।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.टी.जी. कुलवेदी ने बताया कि कृमि मुक्ति दिवस के दिन 10 अगस्त 2023) बच्चों को दवा सेवन अवश्य कराया जाना चाहिए जिससे कि बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर, बौद्धिक विकास, एनीमिया के रोकथाम में सुधार हो सके। डॉ. कुलवेदी ने दवा सेवन कराने के तरीके के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि उम्र अनुसार दवा सेवन किया जाना है। जिसमें 1 से 2 वर्ष तक के बालक एवं बालिकाओं को एल्बेंडाजॉल की आधी गोली चूरा/पीस करके पानी के साथ मिलाकर चम्मच से पिलाई जावे, 2 से 3 वर्ष बालक एवं बालिकाओं को एल्बेंडाजॉल की एक पूरी गोली चूरा/पीस करके पानी के साथ सेवनकराई जावे, 3 से 5 वर्ष तक के बालक एवं बालिकाओं को एल्बेंडाजॉल की एक पूरी गोली चबा करके पानी के साथ सेवन कराई जावे तथा 5 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों एवं किशोर/किशोरियों को एक एल्बेंडाजॉल की पूरी गोली चबा कर नोडल शिक्षकों के द्वारा समस्त शिक्षण संस्थानों पर सेवन कराई जानी है। नोडल अधिकारी डॉ.टी.जी. कुलवेदी ने विशेष रूप से सावधानियों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के दौरान किसी भी बच्चों को जबरदस्ती दवा सेवन न कराये। बच्चों की स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी लेवें तथा जो बच्चे बीमार है या कोई अन्य दवाई ले रहे है तो उन्हें कृमि नाशक की दवाई न खिलाई जावे। बच्चों को किसी भी परिस्थिति में दवाई घर ले जाने न दे। बच्चों को दवाई हमेशा अपने ही सामने खिलावें।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

किकबाक्सिंग में खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन, जीते 42 पदक

कोरबा (आरएनएस)। किकबाक्सिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में तीन दिवसीय 10 वीं राज्य स्तरीय कैडेट व जूनियर किकबाक्सिंग स्पर्धा का आयोजन निरंजन भवन रायपुर में आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के संस्थापक एवं कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा व महासचिव आकाश गुरूदीवान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों के लगभग 300 किकबाकसर्स व कोच मेनेजर,रेफरी,आफिसिल्स ने किकबाक्सिंग खेल के विभिन्न इवेंट्स प्वाइंट फाइटिंगएलाइट कांटेक्ट, किक लाइट, फुल कांटेक्ट लोकिक, के .वन, म्यूजिकल फाम्र्स, क्रिएटिव फाम्र्स के इवेंट्स में अलग-अलग आयु एवं वजन वर्ग में हिस्सा लिया।

किकबाक्सिंग खेल की अंतर्राष्ट्रीय संस्था वल्ड एसोसिएशन आफ किकबाक्सिंग आर्गनाइजेशन वाको इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी से मान्यता प्राप्त है। साथ ही राष्ट्रीय फेडरेशन वाको इंडिया भारत सरकार खेल एवम युवा मंत्रालय से संबद्ध हो चुका है। राज्य एसोसियेशन को छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त है। इसके साथ ही यह खेल शालेय एवं विश्वविद्यालय खेलो में भी शामिल है। कोरबा जिला किकबाक्सिंग एसोसियेशन के सचिव अशोक साहू ने बताया कि जिले के खिलाडि़ सीएम, किकबाक्सिंग एकेडमी में लगातार प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कैडेट एवं जूनियर बालक वर्ग के विभिन्न वजन वर्गो में श्रोध दास मानिकपुरी, आशुतोष गुप्ता, चिराग चौहान, कुशाल साहू,मयंक सिंह गोल्ड, विक्रम यादव,आर्यन दास,तुषार सिंह ठाकुर, हिमांशु यादव, सुयश नामदेव, रजत गोयल, प्रदयुम गोयल, अर्जुन अग्रवाल, आमीन खान, आसदीप भाटिया, यश माली, प्रियांशु दास, अभिषेक चौहान ने स्वर्ण पदक जीता एवं विक्रम यादव, सोएब अहमद, शुभम केसरिया ने रजत तथा योगानंद निर्मलकर ने कांस्य पदक जीता।

इसी प्रकार बालिका वर्ग में सृष्टि मिश्रा, दियांशी सिंह, नाफिया सिद्धिकी, वृंदा अग्रवाल, आराध्या सिंघल,आन्या, दिव्या कर्ष, आस्था गुप्ता, सोनिया शर्मा, अनु शर्मा, कीर्ति शर्मा, सिद्धि सिंह सोनवानी, ऋतु चौबे, पूर्णिमा खुंटे, हुफैजा फातिमा ने स्वर्ण पदक तथा कशिश यादव ने रजत पदक जीता। इस प्रकार कोरबा जिले के सीएम, किकबाक्सिंग एकेडमी के खिलाडिय़ों ने 37 स्वर्ण, चार रजत तथा एक कांस्य सहित कुल 42 पदक जीतकर जिले को गौरवांवित किया। चयनित बालक बालिका किकबाकसर्स 22 से 26 अगस्त 2023 तक राची झारखंड में आयोजित वाको इंडिया नेशनल कैडेट जूनियर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में विशेष रूप से राष्ट्रीय फेडरेशन द्वारा नियुक्त आबसर्वर तथा तमिलनाडु किकबाक्सिंग एसोसिएशन के सचिव और नेशनल कोच सुरेश बाबू ने उपस्थित वरिष्ठ रेफरीयो,प्रशिक्षकों, खिलाडिय़ों को सभी विधाओं पाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट,किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लोकिक, के.वन, म्यूजिकल फाम्र्स एवं क्रिएटिव फाम्र्स की बारीकियों से प्रशिक्षकों को अवगत कराया गया।